## सार-समाचार

### बीएलओ ने घरों में जाकर ईएफ फार्म बांटे

**जालोर**, (कासं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत शनिवार को जालोर एवं सायला में बूथ लेवल एजेन्ट्स का प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ। बूथ लेवल एजेन्ट्स के लिए आयोजित किए गए प्रशिक्षण में उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में गहन प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरने संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी, आईएनसी सहित राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त पॉलिटिकल एजेन्ट के साथ विस्तार से चर्चा करते उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर तेजाराम बालोत, कैलाश कुमार परिहार, कैलाश सिंह राजपुरोहित, ज्ञानेश त्रिपाठी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे। शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओं ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए। बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र(ईएफ) फॉर्म भरवाने के कार्य कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गांवडे ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

### आयुर्वेद विश्वविद्यालय में पौधारोपण

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर गोविंद सहाय द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. चंदन सिंह, प्रोफेसर ए. नीलिमा रेड्डी, परीक्षा नियंत्रक डॉ राजाराम अठावाल, डॉ राजेंद्र प्रसाद पूर्विया, डॉ मनोज कुमार अदलखा, डॉ देवेंद्र सिंह चाहर, डॉ दिनेश चंद्र शर्मा, डॉ नरेंद्र पुरोहित, डॉ निकिता पंवार एवं द्रव्यगुण स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएँ तथा गैर-शैक्षिणक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित परिसर का निर्माण करना रहा। कुलगुरु ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधा लगाकर रखरखाव करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में साल, अर्जुन, अश्वत्थ, वट, निंब, गुग्गुलु, शीशम, करंज, रोहितक, शतावरी जैसे 51 पौधे लगाए गए।

### दो नाबालिग व दो युवतियां लापता

**जोधपुर**, (कासं)। दो नाबालिग और दो युवतियो के लापता होने पर परिजनों ने अपहरण के मुकदमे और गुमशुदगी संबंधित थाने में दर्ज करायी। बोरानाड़ा थाने में दी रिपोर्ट में रोहिचा कला हाल झंवर फांटा मिष्ठान भंडार के पीछे रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि 6 नवंबर को उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताये कहीं चली गई। मथानिया थाने में दी रिपोर्ट में रामगढ जेलू निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 5 नवंबर की शाम के समय उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गई। संभवतया कोई युवक उसको अगवा कर ले गया। माता का थान थाने में दी रिपोर्ट में बोरड़ी वाला जाव माता का थान निवासी एक महिला ने बताया कि 6 नवंबर की रात्रि के समय उसकी चचेरी बहन बिना बताये कहीं चली गई। भगत की कोठी थाने में दी रिपोर्ट में भोमियाजी कॉलोनी सांगरिया निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 6 नवंबर को उसकी पुत्री रेलवे स्टेशन गई थी लेकिन वापस घर पर नहीं लौटी। पुलिस ने अपहरण और गुमशुदगी के मुकदमे दर्ज कर घर से गायब हुई नाबालिग और बालिग युवतियों की तलाश शुरू की।

### ट्रक की चपेट से लोडिंग चालक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के डीपीएस सर्किल के पास में रिंग रोड पर एक ढाबे के नजदीक के लोडिंग टैक्सी चालक को मूंगिया से भरे मिनी ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। उसके पुत्र ने अज्ञात मिनी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। चौहाबो थाने की एसआई सुलोचना ने बताया कि संतोड़ाखुर्द मथानिया निवासी 46 साल का चंद्राराम प्रजापत लोडिंग टैक्सी चलाता था। वह रात 11 बजे अपनी लोडिंग टैक्सी लेकर डीपीएस सर्किल के पास रिंग रोड पर पहुंचा था। वहां उसने अपनी लोडिंग टैक्सी को पार्क किया और फिर पैदल ही जंप को कूदकर पैदल जाने लगा। इतने में मूंगिया से भरा मिनी ट्रक आया और उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके पुत्र धर्माराम प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई है।

### डंपर चालक की लापरवाही से तार टूटे

**जोधपुर**, (कासं)। चांदणा भाखर स्थित रावों की बगेची के पास में एक बजरी डंपर चालक की लापरवाही से बिजली के तार टूट गए। चालक को जब इस बारे में टोका तो उसने गाड़ी चढ़ाकर मारने का प्रयास किया और गाड़ी को भगा ले गया। इस बारे में प्रतापनगर थाने में नामजद रिपोर्ट दी गई। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि जोशी कॉलोनी रावों की बगेची चांदणा भाखर निवासी गोविंद दास वैष्णव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि दो दिन पहले क्षेत्र में एक बजरी का डंपर तेजी गति से आया था। जिस पर उसके चालक को धीमे गाड़ी चलाने को कहा गया। चालक ने गाड़ी को लापरवाही से चलाया और पोल पर लगे विद्युत तारों को तोडक़र नुकसान पहुंचा दिया। उसे इस बारे में टोका गया तो चालक ने गाड़ी को और तेज करते हुए उस पर चढ़ाने का प्रयास किया। बाद में तेजी से डंपर को भगा ले गया। पुलिस को रिपोर्ट में पीड़ित गोविंद दास ने धनराज माली और भागीरथ गुढ़ा को नामजद किया है। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है।

### जालोर में फोलोअप कैंप लगा

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत शनिवार को नगर परिषद सभागार जालोर में वार्ड सं. 33 से 40 तक के लिए फोलोअप कैम्प का आयोजन किया गया। नगर परिषद जालोर के आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि फोलोअप कैम्प में सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक रोशनी व्यवस्था, सड़क मरम्मत/पेच वर्क के प्रस्ताव, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजियन, समस्त प्रकार की ऑनलाइन सर्विसेज सम्बधित कार्य पार्किंग स्थलों एवं प्रमुख चौराहां, डिवाइडरों का रख रखाव एवं सौंदर्यीकरण कार्य के साथ भूमि सम्बधित कार्य जैसे 69-ए पटटा 90-ए/90-बी के तहत लीज होल्ड पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण उपविभाजन/पुनर्गठन भवन निर्माण स्वीकृति जारी करना इत्यादि कार्यों के शिविर में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया गया।

### एनीमिया नियंत्रण के लिए कार्यशाला

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ बनाने की दिशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सिरोही में इंजेक्शन फेरस कार्बोक्सी माल्टोज पर एकदिवसीय कार्यशाला सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराडी ने की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में एनीमिया (खून की कमी) के प्रभावी प्रबंधन, आधुनिक उपचार पद्धतियों और जागरूकता बढाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. दिनेश खराडी ने बताया कि एनीमिया गर्भावस्था के दौरान सबसे सामान्य किन्तु गंभीर स्वास्थ्य समस्या है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बाकरा रोड़, पं.स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक : ग्रा.प.बा./2025/ 90 दिनांक: 06/11/2025

**ई-निविदा सूचना 06/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाकरा रोड़ पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 शेष अवधि में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदाताओ / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म/शर्ते ऑनलाईन वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

**NIB No : ZJR2526A0596**
**UBN No. : ZJR2526SSOB00930**

प्रशासक
ग्राम पंचायत बाकरा रोड़
पं. स. जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बाकरा रोड़
पं. स. जालोर


# जैसलमेर मेडिकल कॉलेज में शीघ्र प्रथम बैच शुरू होगा : खींवसर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व प्रभारी मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर ने शनिवार को जैसलमेर में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने चिकित्सा मंत्री श्री खींवसर को कॉलेज भवन, अधोसंरचना एवं आगामी शैक्षिणक सत्र की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जैसलमेर मेडिकल कॉलेज में 50 छात्रों के साथ प्रथम बैच की कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। साथ ही कॉलेज परिसर में 345 बेड्स की क्षमता वाले अस्पताल एवं 50 बैड्स क्षमता क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होने पर आमजन को जैसलमेर जिले में ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

निरीक्षण के दौरान जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पूर्व विधायक डॉ. जितेंद्रसिंह, जिला कलैक्टर प्रतापसिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र पालीवाल, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क प्रवीणप्रकाश चौहान, खेल अधिकारी राकेश विश्नोई, समाजसेवी कंवराजसिंह चौहान सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'हर पात्र व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचे'

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय कार्यों, फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही राज्य सरकार की प्राथमिकता, हर घोषणा धरातल पर दिखे एवं हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो।

जिला प्रभारी मंत्री खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में की गई घोषणाओं एवं बजट प्रावधानों का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में चिकित्सा मंत्री खींवसर ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की प्रगति, वर्ष 2025-26 की घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन प्रकरणों एवं जिले में चल रहे विभिन्न विभागीय कार्यों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। खींवसर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्युत एवं चिकित्सा विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन को पेयजल, बिजली एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। खींवसर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने पीएचसी, सीएचसी एवं जिला अस्पतालों में संसाधनों एवं सुविधाओं को और मजबूत करने पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने लंबित स्वीकृतियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए एवं कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला कलैक्टर प्रतापसिंह ने विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तर पर की जा रही है एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में प्रगति का विश्लेषण किया जाता है।

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पूर्व विधायक डॉ. जितेन्द्रसिंह, अतिरिक्त जिला कलैक्टर परसाराम सैनी, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, सहायक निदेशक लोक सेवाएं रोहित वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेन्द्रसिंह सांदू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभात फेरी निकाली व वीर सैनिकों का सम्मान किया

**पाली**, (नि.सं.)। राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम150 के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को शहर में सवेरे देशभक्ति गीतों के साथ प्रभात फेरी, वाहन रैली को जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गई, साथ ही शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सैनिकों को सम्मानित किया गया।

वंदे मातरम् 150 के कार्यक्रम के तहत सवेरे राष्ट्रगीत का गायन हुआ, उसके पश्चात जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली व्यास सर्कल से प्रारंभ होकर अहिंसा सर्कल, सूरजपोल, डॉ. अम्बेडकर सर्कल होते हुए कलेक्ट्रेट आकर विसर्जित हुई। रैली में स्कूली विद्यार्थियों, एएनएम, स्काउट गाइड, आंगनवाड़ी कार्यक्रर्ता और ने भाग लिया। रैली में सभी के हाथों में तिरंगा झण्ड़ियां के साथ देशभक्ति गीतों के साथ शहर के मुख्य सर्कल से होते हुए निकाली गई।

इस अवसर पर पुर्व विद्यायक ज्ञानचंद पारख, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह ,एडीएम ओम प्रभा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा जनप्रतिनिधि सुनिल भण्डारी समेत विभागों के अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत सवेरे शहीद स्मारक पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही वहां मौजूद अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, महेन्द्र एवं जनप्रतिनिधयों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें बलिदान को याद किया। वंदेमातरम 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वीर सैनिक सम्मान कार्यक्रम के तहत लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित, मेघाराम सुमन, विष्णसिंह कलावत, सुलेमान खान, कांतिलाल रामावत का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वंदेमातरम् 150 के सैल्फी पाइंट पर फोटोग्राफी एवं बैण्डवादन किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग श्रीमती ओम प्रभा , मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चोधरी, यूआइटी सचिव पूजा सक्सेना, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी जी.एस. राठौड़ सहित जन प्रतिनिधि, स्काउट गाइड व आमजन मौजूद रहे।

## राजकुमार चौहान रामदेवरा पहुंचे

**रामदेवरा**, (निसं)। दिल्ली विधानसभा के मंगोलपुरी क्षेत्र से विधायक एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री राजकुमार चौहान ने शुक्रवार को रामदेवरा पधारकर लोकदेवता बाबा रामदेवजी की समाधि पर दर्शन व पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश में अमन-चैन, सौहार्द एवं सभी वर्गों में भाईचारे की भावना बनी रहे, इस हेतु विशेष पूजा-अर्चना कर मनोकामना व्यक्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मंत्री का स्वागत किया। चौहान ने बाबा रामदेवजी को सामाजिक समरसता और जनकल्याण का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएँ आज भी समाज को एकता और सेवा का मार्ग दिखाती हैं।

# जोराराम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

**पाली/सुमेरपुर**, (नि.सं.)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पोमावा में चल रही तीन दिवसीय जिला स्तरीय केजीबीवी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत शामिल हुए।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुमेरपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में मंत्री कुमावत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का आजकल हमारा खानपान है, उससे हर उम्र में शरीर के फिटनेस पर ध्यान देने की जरूरत है। कुमावत ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर आम व्यक्ति को अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय खेलों भी लगाना चाहिए।

कुमावत ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोमावा में विधायक कोष से विद्यालय से छात्रावास तक निर्मित सड़क का उद्घाटन भी किया। जिसकी मांग कई समय से विद्यालय प्रशासन कर रहा था। इस मांग के पूर्ण होने पर विद्यालय प्रशासन ने धन्यवाद जताया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुमेरपुर की प्रधानाचार्य डिंपल चौधरी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पोमावा के प्रधानाचार्य राजीव चारण, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पोमावा की प्रधानाध्यापक व प्रतियोगिता की संयोजक अंजू बेबरवाल, भामाशाह भीखाराम माली, सुरेश सिंघल, विराग अग्रवाल, श्रवण सिंह राठी आदि मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड स्थापना दिवस के स्टिकर का विमोचन

**पाली**, (नि.सं.)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा स्काउट गाइड स्थापना दिवस 7 नवंबर के अवसर पर जारी किए जाने वाले स्काउट गाइड स्टिकर का आज जिला कलेक्ट्रेट पाली में संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह एवं जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री द्वारा विमोचन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीओ स्काउट गोविंद मीणा ने बताया की प्रतिवर्ष 7 नवंबर को मनाए जाने वाले स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले स्टीकर का विमोचन आज संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर द्वारा विमोचन किया गया इस अवसर पर जिला कलेक्टर पाली ने स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने वाले रोवर जगदीश प्रसाद मीणा और विशाल को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया की जिला कलेक्टर से विमोचन के पश्चात सी ओ स्काउट ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को स्टीकर लगाया।

कलेक्ट्रेट परिसर में एवं अन्य कार्मिकों के स्टिकर लगाकर स्टीकर बिक्री अभियान प्रारंभ किया गया।

जिला कलेक्टर पाली द्वारा जारी आदेश अनुसार आगामी 15 नवंबर तक सभी राजकीय निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय में स्टिकर बिक्रि अभियान प्रारंभ किया गया है। स्काउट गाइड द्वारा आमजन को स्टीकर लगाकर अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में 8 से 11 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले राज्य पुरस्कार स्काउट एवं रोवर जांच शिविर आज से जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंगबाड़ी पाली में आयोजित किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं जन भागीदारी के लिए यूनिटी मार्च निकाला

**जालोर**, (कासं)। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु तथा सरदार पटेल के योगदान और उनके राष्ट्रवादी विचारों को आत्मसात् करने हेतु जालौर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य तथा राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में माय भारत जालोर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शनिवार को सरदार/150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया किया गया।

जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय की एकता एवं अखण्डता में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र विकास की नए आयाम स्थापित कर रहा हैं। उन्होंने देश की आजादी में योगदानी स्वतंत्रता सेनानियों का गांव-गांव तक प्रचार प्रसार करने तथा स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की बात कही। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि देश के निर्माण में अमूल्य योगदान देने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कि 150 वीं जयंती के अवसर पर सम्पूर्ण देश उन्हें सच्चे मन से स्मरण कर रहा हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अस्मिता के प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्र के सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक कार्य करें। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम, हरियालो राजस्थान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने सामाजिक समरसता एवं एकजुटता बनाए रखने की भी बात कही। जसराज राजपुरोहित ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया तथा वे आधुनिक भारत के रचयिता के रूप में विश्व विख्यात हैं। यूनिटी मार्च को भगतसिंह स्टेडियम परिसर से अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके पश्चात रैली भगतसिंह स्टेडियम से सूरजपोल चौराहा-अस्पताल चौराहा-कलेक्ट्रेट-शिवाजी नगर चौराहा होते हुए शहीद स्मारक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान शहीद भगत सिंह स्टेडियम में विद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत तथा विभिन्न युवा एवं सामाजिक संगठनों व एनजीओ के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता एवं स्वदेशी को अपनाने की शपथ ली। स्उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक की बालिकाओं द्वारा केसरिया बालम एवं म्हारों प्यारों राजस्थान गीतों पर प्रस्तुति दी। उच्च माध्यमिक विद्यलाय गोडिजी की बालिकाओं द्वारा मरूधरा में चालें ऊंट घाडो पर नृत्य प्रस्तुत किया। लोक कलाकार बलवंत एवं मीठालाल ने राजस्थानी लोक गीतों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.प्रदीप के. गावंडे, पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, अम्बालाल व्यास, महेन्द्र सोलंकी, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, उर्मिला दर्जी, मुकेश राजपुरोहित, रतन सुथार, डिम्पल सिंह, सुरेश, सुन्देशा, दशरथ सिंह भाटी, गिरधारी लाल देवासी, गोपाल सिंह परमार, महेश भट्ट, अशोक गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त अभियान का पोस्टर जारी

**जालोर** ,(का.सं.)। जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय अधिकारिकता विभाग जालोर ने नशा मुक्त अभियान की शुरुआत शानिवार को जिला कलैक्टर ने नशा मुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया।

इस दौरान सामाजिक न्याय अधिकारिकता विभाग से सुनील कुमार, दिनेश कुमार औस नशा मुक्ति केंद्र से नर्सिंग स्टाप अशोक परमार, परामर्शदाता जितेन्द्र मेघवाल, वार्ड बॉय कैलाश कुमार मौजूद रहे।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप गावडे ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो अपनों से दूर करती है, नशा मन के साथ साथ तन के लिए भी घातक है, नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता पोस्टर के माध्यम से स्कूल के बचो, कालेज के छात्रो व आमजनों को नशा ना करने हेतु व नशा के दुष्परिणामो के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा । सामाजिक न्याय एवं अधीकारिता विभाग के सहायक निदेशक भगवानाराम चोधरी ने बताया की औस नशा मुक्ति केंद्र की टीम द्वारा मुख्य स्थानो, विद्यालयो, ग्रामपंचायतो व ग्रामीण इलाको में डोर टू डोर नशा मुक्त जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर, नशा मुक्त के पोस्टर चस्पा व पम्पलेट वितरित किये जा रहे है ! जिससे लोगो में जागरूकता आएगी। अगर कोई व्यक्ति या परिचित किसी भी प्रकार के नशे की समस्या से ग्रसित है तो आप उसे औस नशा मुक्ति केंद्र में भिजवाकर उसका नशा छुडाने में मददगार होंगे।

## रक्तदान सहित कई कार्यक्रम

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को बाड़मेर मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर रक्तदान सहित कई कार्यक्रम होंगे। कलैक्टर ने विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। डाबी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत प्रात : 8 बजे अहिंसा सर्किल से शहीद स्मारक तक प्रभात फेरी का आयोजन होगा।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**जालोर**, (का.सं.)।जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के 35 वे स्थापना दिवस पर शनिवार को स्थानीय राजकीय हॉस्पिटल के ब्लड बैंक परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर के मार्ग दर्शन में यह कैम्प बहुत उत्साहवर्धक रहा। उन्होंने बताया कि 8 नवंबर को बैंक अपने स्थापना के 35 वर्ष पूर्ण कर रहा है। ग्राहकों, अंशधारकों एवं शुभचिंतकों के सहयोग एवं सहकार से बैंक का व्यवसाय निरंतर प्रगति करते हुए लगभग 800 करोड रुपये तक पहुँच रहा है। इसमें बैंक के सदस्यों, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व संचालकों, ग्राहको, अधिकारियों व कर्मचारियों और सभी हितधारकों का हमेशा सहयोग व संबल मिला है। बैंक की गौरव शाली परंपरा सभी के विश्वास का प्रतीक है। आज समाज सेवा के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जालोर-सिरोही के लोकप्रिय सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलेक्टर प्रदीप गवांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष जसराज पुरोहित एवं भूपेंद्र देवासी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कर बैंक परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा रक्तदाताओं के उत्साह की सराहना की। मुख्य सचेतक गर्ग ने रक्त दान की महत्ता बताते हुए जालोर में रक्तदाताओं की विशाल उपलब्धता उत्साहवर्धक है। उन्होंने रक्तदाताओं का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे, संचालक गिरीश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष मदन राज बोहरा, नितिन सोलंकी, पूर्व उपाध्यक्ष राजू चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री हरिश राणावत, नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, कानाराम परमार, बी.एल. सुथार, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश मीणा, डॉ. पूनम टांक तथा अन्य गणमान्य नागरिक एवं बैंक परिवार के सदस्य बडी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानंद भट्ट ने बताया कि शिविर में करीब 100 यूनिट रक्तदान हुआ। उन्होंने चिकित्सा विभाग एवं ब्लड बैंक द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर की व्यवस्थाएँ पोसाराम प्रजापत, महेश कुमार शर्मा, लक्ष्मण प्रजापत, कुशल सोलंकी, अनिल जोशी का सहयोग रहा।


**जोधपुर विकास प्राधिकरण**

**ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर**

- योजना में भूखण्डों की कुल संख्या 1481 रखी गई है। जिसमें से 513 भूखण्ड ऑटोमोबाइल नगर, 653 भूखण्ड ट्रांसपोर्ट नगर तथा इनफोर्मल मार्केट हेतु 315 भूखण्ड आरक्षित किए गए हैं।
- योजना के आवंटन योग्य सामान्य भूखण्ड 1111 में से ट्रांसपोर्ट नगर हेतु 607 भूखण्ड तथा ऑटोमोबाइल नगर हेतु 504 भूखण्ड प्रस्तावित है।
- इसके अलावा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल से संबंधित छोटे व्यवसायियों हेतु इनफोर्मल मार्केट में ब्लॉक ए 35 एवं ब्लॉक बी में 280 कुल 315 भूखण्ड आवंटन हेतु प्रस्तावित किए गए हैं।
- जिनकी संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामान्य भूखण्डों का आवंटन लॉटरी प्रद्धति से किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर योजना में आवेदन पत्रों के पंजीकरण की अन्तिम तिथि 16.11.2025 तक एवं ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को 18.11.2025 तक बढ़ाया गया है। साथ ही इस योजना की लॉटरी हेतु दिनांक: 25.11.2025 प्रस्तावित की गई है।

इस योजना के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किए जाएंगे।

ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर की आवेदन पुस्तिका तथा आवेदन की प्रक्रिया सामान्य शर्ते व ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया/विस्तृत जानकारी जेडीए पोर्टल/joda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

Jodhpur Development Authority